हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 2 मई 2024

तापमान
अधिकतम 33.1 डिग्री
न्यूनतम 17.5 डिग्री

13 विश्व श्रम दिवस पर कर्मचारियों को किया सम्मानित



14 राजकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियारों सहित तीन युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** एसएजी व सीआईए-1 टीमों ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल निवासी रोहणा सोनीपत, मन्नी निवासी बिहार हाली में कोर्ट मोहल्ला, मोनू निवासी पटना बिहार हाल आदर्श नगर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### दुकान की खिड़की तोड़कर सामान चोरी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हनुमान नगर स्थित वेल्डिंग की दुकान की खिड़की तोड़कर चोर सामान चोरी कर ले गए। घटना के समय दुकान मालिक हरिद्वार गए थे। वापस लौटे तो चोरी का पता लगा। ईदगाह कॉलोनी निवासी मोहसिन खान ने सिविल लाइन थाना पुलिस को बताया कि वह हनुमान नगर में वेल्डिंग की दुकान चलाते हैं। वह 22 अप्रैल को दुकान बंद कर हरिद्वार चले गए थे। अब वापस लौटे तो दुकान खोल कर देखी। उनकी दुकान के पीछे की खिडकी तोड़ी गई थी। दुकान से एलसीडी, डीवीआर, बैटरी और हुक्का गायब था। किसी ने खिडकी तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कार्यालय से नकदी व सामान चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-14 स्थित प्रॉपर्टी डीलर व उनके किरायेदार के कार्यालय में घुसकर चोर नकदी व सामान चोरी कर ले गए। प्रॉपर्टी डीलर को चोरी का पता लगा तो उन्होंने अपने स्तर पर जांच की। अब उन्होंने एक युवक पर चोरी का शक जताते हुए पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-14 निवासी अरविंद चावला ने बताया कि उन्होंने सेक्टर-14 में ही चावला प्रॉपर्टीज के नाम से कार्यालय बन रखा है। उन्होंने ऊपर का फ्लोर मनीष को किराए पर दे रखा है। वह भी उसमें अपना कार्यालय चलाते हैं। वह 19 अप्रैल को कार्यालय बंद कर घर चले गए थे। जब वह 20 अप्रैल को कार्यालय में पहुंचे तो अंदर जाकर देखा कि डीवीआर, सीसीटीवी, बाथरूम व रसोई से टोटियां तथा 12000 रुपये चोरी मिले। वहीं किराएदार मनीष के कार्यालय से लैपटॉप, बाथरूम व किचन की टोटियां, तार का बंडल चोरी मिले।

# अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की किडनी निकालने का आरोप

## ■ परिजनों ने अस्पताल के बाहर किया हंगामा, पुलिस ने जांच की शुरू

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

शहर के बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में महिला की दोनों किडनी निकाले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों को दोनों किडनी निकालने का मामला पता लगा तो उन्होंने अस्पताल में हंगामा कर दिया। महिला की एक किडनी में पथरी होने के कारण इंफेक्शन हो गया था। चिकित्सक ने एक किडनी निकालने की बात कही थी। परिजनों की सहमति के बाद ऑपरेशन शुरू हुआ तो चिकित्सक ने उसकी दोनों किडनी निकाल दी। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे वेंटिलेटर पर भर्ती कराया गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

- ■ महिला की एक किडनी में संक्रमण था, डॉक्टरों ने उसे निकालने की बात परिजनों को बताई थी
- ■ किसी कारणवश डॉक्टरों को दूसरी किडनी भी निकालनी पड़ी

राजेंद्र नगर निवासी आनंद ने बताया कि उनकी पत्नी वीणा का 8 माह से बहालगढ़ रोड पर स्थित निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। उनकी एक किडनी में पथरी थी। जिसकी वजह से किडनी में संक्रमण होना शुरू हो गया था। उपचार के दौरान चिकित्सक ने वीणा की एक किडनी निकालने का बात कही थी। परिजनों की ओर से सहमति मिलने पर बुधवार दोपहर बाद वीणा का ऑपरेशन शुरू किया गया।

ऑपरेशन के दौरान महिला की एक किडनी निकाल दी, लेकिन किसी कारणवश चिकित्सक ने परिजनों को बिना बजाय उनकी दूसरी किडनी निकालनी पड़ी। ऑपरेशन के बाद अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें मामले से अवगत कराया। परिजनों ने चिकित्सक से ढूंढने की कोशिश की तो चिकित्सक नहीं मिला तो अस्पताल में हंगामा कर दिया। महिला की हालत खराब होने पर वेंटिलेटर पर भर्ती किया गया है। परिजनों ने मामले की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।





**सोनीपत।** अस्पताल में हंगामा करते महिला के परिजन।

### महिला को डायलिसिस पर रहना होगा

नागरिक अस्पताल के फिजिशियन डॉ. शैलेंद्र राणा ने बताया कि महिला की एक किडनी के बजाय दो किडनी निकालना गलत है। किडनी निकालने के लिए पहले विभिन्न तरह की जांच होती है। जांच प्रक्रिया के बाद किडनी निकालने के लिए ऑपरेशन किया जाता है। अगर दोनों किडनी निकाली गई है तो उसकी जिंदगी बचाने के लिए डायलिसिस पर रखना बहुत जरूरी है।

# सात गोली मारकर की थी हत्या, दो आरोपित दबोचे

- ■ मोहाना के रवि हत्याकांड में पुलिस को सफलता
- ■ पुलिस ने आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गांव मोहाना में युवक की सात गोली मारकर हत्या करने के मामले में सीआईए गोहाना की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी गांव मोहाना निवासी प्रिंस और मौजमनगर निवासी निखिल है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। हमले के दौरान युवक के चाचा ने भागकर जान बचाई थी।

### ये था मामला

गांव मोहाना निवासी रोहताश ने 18 अप्रैल को पुलिस को बताया था कि सुबह आठ उनके भतीजा रवि (30) अपने करीब पांच साल के बेटे को स्कूल छोडने जा रहे थे। वह भी उनके साथ स्कूल की तरफ चले गए थे। जब वह तथा रवि बच्चे को स्कूल छोडकर घर आ रहे थे तो निमार्णाधीन मंदिर के पास पहुंचते ही बाइक पर सवार होकर आए तीन युवकों ने गोलियां चला दी थी। बाइक सवार गांव के ही टिंकू को उन्होंने पहचान लिया था। सात गोली मारकर उनके भतीजे रवि की हत्या कर दी थी। हमलावरों ने धमकी दी कि आनंद की हत्या का बदला तुम्हारे सारे खानदान को खत्म कर लेंगे, अभी तो एक ही मारा है। उसके बाद वह भाग गए थे। रोहताश ने आरोप लगाया था कि भतीजे की हत्या का षड्यंत्र गांव के ही नवीन, सावन, दीपांशु, अनिल, आर्यन, देवेंद्र, साहिल, कृष्ण, बलबीर, काला, टोला व लवीश ने रचा है। उन्होंने टिंकू व अन्य से वारदात को अंजाम दिलवाया है। जिस पर पुलिस ने 13 नामजद समेत अन्य के खिलाफ हत्या व हत्या की कोशिश, षड्यंत्र रचने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में सीआईए गोहाना में नियुक्त एसआई नवीन की टीम ने आरोपी प्रिंस व निखिल को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

# जेल में चरस लेकर जाने का प्रयास, युवक गिरफ्तार

## जेल में बंद भाई से मुलाकात करने पहुंचा था युवक

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

सोनीपत-गोहाना सड़क मार्ग पर स्थित जिला कारागार में भाई से मुलाकात करने आए युवक ने लोअर (पजामा) में चरस को छिपाकर अपने भाई तक पहुंचाने की कोशिश की। हालांकि ड्योढ़ी में चेकिंग के दौरान वार्डर ने चरस को पकड़ लिया। जिस पर अधिकारियों के अवगत कराया। जेल अधिकारियों ने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया, जहां उसे जमानत मिल गई। जेल उप अधीक्षक सचिन कुमार ने शहर थाना पुलिस को बताया कि मंगलवार को हवालाती बंदी गांव कथूरा निवासी रोहित से मुलाकात करने के लिए उसका भाई निशांत आया था। वह अपने भाई के लिए एक लोअर लेकर आया था। जब लोअर की ड्योढ़ी में जांच की तो उसमें चरस जैसा मादक पदार्थ मिला। वार्डर प्रदीप कुमार ने उसे बरामद कर लिया। जिसके बाद उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई। इसके के बाद शहर थाना पुलिस को अवगत कराया। कोर्ट कॉम्पलेक्स चौकी से जांच अधिकारी बलवान ने मौके पर पहुंचकर जांच की। लोअर से 5.86 ग्राम चरस (सुल्फा) बरामद की गई। पुलिस ने मामले में जेल उप अधीक्षक (सुरक्षा) सचिन के बयान पर दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी बलवान सिंह की टीम ने आरोपित निशांत को गिरफ्तार कर लिया है।

## संस्था के लेटर हैड व मुहर के दुरुपयोग का आरोप

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में विदेश जाने के लिए संस्था के लेटर हैड व मोहर का गलत इस्तेमाल करने के आरोप का मामला सामने आया है। संस्था के संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। संचालक ने तैयार किए फर्जी लैटर की कॉपी पुलिस को सौंपी है।

समाल कल्याण शिक्षा समिति संचालक आनंद कुमार ने बताया कि उनकी संस्था वर्ष 1990 से वृद्धों की सेवा के अलावा जनहित के कार्य कर रही है। गांव जुआं निवासी सचिन व रानी पुत्री रामनंद ने उनकी संस्था के नकदी लेटर पैड व मोहर तैयार करके दूसरे देश में नौकरी करने के लिए इस्तेमाल किया है। दोनों ने संस्था के कागजों का दुरुपयोग करके झूठा इकरार नामा भेजा है। इस संबंध में विदेशी नंबर से उसके पास कॉल आई। जिसमें दोनों द्वारा तैयार किए कागजों का इस्तेमाल होना बताया गया। जबकि उनकी संस्था की तरफ से ऐसे कोई कागज किसी को नहीं दिए गए है।

# चेकिंग के दौरान कार की डिग्गी से 9.90 लाख की नकदी बरामद

- ■ पुलिस और आयकर विभाग की टीम ने जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

पुलिस ने फरमाना चौकी के समीप लगे नाके पर चेकिंग के दौरान एक कार से 9 लाख 90 हजार रुपए बरामद की है।

इसके बाद चौकी इंचार्ज रविदास ने फोन पर सूचना देकर सोनीपत नगर निगम के ए ई नवरत्न को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में बुलाया। जब वह वहां मौके पर पहुंचे तो वहां पर कार के मालिक बहादुरगढ़ निवासी राजेंद्र,ओम प्रकाश मौके पर मिले। ए एस आई प्रवीण ने उन्हें बताया कि कार की डिग्गी में पैसों से भरा हुआ बैग रखा है।

उन्होंने तुरंत खरखौदा चुनाव अधिकारी आईटी सेल रमेश सैनी को फोन पर सूचना दी। रमेश सैनी ने उन्हें बताया कि इनकम टैक्स विभाग की टीम आ रही है। थोड़ी देर बाद इनकम टैक्स विभाग के अशोक कुमार व राकेश हुड्डा मौके पर पहुंचे।

इसके बाद गांव के सरपंच जगदीश को बुलाया गया। सरपंच व अन्य लोगों के सामने वीडियो ग्राफी करके पैसों की गिनती की गई। जो बैग में 9 लाख 90 हजार रुपए पाए गए। इसके बाद टीम द्वारा नोटों की गड्डियों को सेलो टेप से सील किया गया है। इस संदर्भ में कार के मालिक से पूरा विवरण मांगा गया है।

## फांसों में आग लगाने से नहीं चूक रहे किसान

**खरखौदा।** खांडा गांव में नारायण आश्रम के पास खेतों में फांसों को आग लगा दी गई। जिसके कारण काफी पेड़ पौधे भी जल गए हैं। वहीं खरखौदा, झरोठ अन्य गांव में भी फांसों में आग लगाकर जलाया जा रहा है। जबकि प्रशासन के उच्च अधिकारियों के सख्त निर्देश के बावजूद भी लोग अपने खेतों में फांस जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। फांस जलाने के कारण न केवल गर्मी का तापमान बढ़ता है, बल्कि जमीन की उर्वरकता शक्ति कम होती है। पर्यावरण में प्रदूषण का बढ़ना और किसान किट मित्रों का नष्ट होना भी शामिल है। वहीं खेतों के किनारे लगाए गए छोटे पेड़ भी आग की चपेट में आकर नष्ट हो जाते हैं। लगातार प्रशासन द्वारा भी खेतों में फांस न जलाए जाने को लेकर समय-समय पर लोगो जागरूक किया जाता है। लेकिन इसके बावजूद कुछ किसान अपने खेतों में आग लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं।



## कार के अंदर से 18 पेटी अवैध शराब बरामद

**सोनीपत।** राई थाना पुलिस ने गश्त के दौरान बीसवां मील चौक के पास से कार के अंदर से 18 पेटी शराब बरामद की है। पुलिस ने सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह शराब को तस्करी कर दिल्ली ले जा रहे थे। गिरफ्तार आरोपी दिल्ली के भलस्वा डेयरी स्थित जेजे कॉलोनी निवासी अनिल व ललिंद्र पासवान है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया।



राई थाना में नियुक्त हवलदार सुधीर ने पुलिस को बताया कि वह अपनी टीम के साथ मंगलवार को केजीपी-केएमपी जीरो प्वाइंट पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान सूचना मिली कि दो युवक शराब की तस्करी कर उसे दिल्ली लेकर जाने वाले हैं। जिस पर टीम ने बीसवां मील चौक के पास नाकाबंदी कर दी। इसी दौरान जठेड़ी रोड की तरफ से एक वैगन-आर कार आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने कार को रुकवा लिया। कार चालक की पहचान अनिल और उसके साथ बैठे युवक की पहचान ललिंद्र के रूप में दी। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो अंदर शराब भरी मिली। कार के अंदर 18 पेटी देशी शराब बरामद की गई। आरोपित शराब को लेकर कोई कागजात या परमिट नहीं दे सके। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों ने बताया कि वह शराब को दिल्ली में बेचकर मुनाफा कमाने चाहते थे। दोनों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

# तीसरे दिन एक और प्रत्याशी ने किया नामांकन, अब तक पांच ने भरा पर्चा

## कांग्रेस उम्मीदवार सतपाल ब्रह्मचारी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा भी मौजूद रहे, जगबीर मलिक कवरिंग प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नामांकन दाखिल करने के तीसरे दिन बुधवार को एक ही नामांकन पत्र दाखिल किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने काफिले के साथ पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, विधायक सुरेंद्र पंवार, जगबीर मलिक आदि मौजूद रहे। मूल रूप से हरिद्वार के रहने वाले सतपाल ब्रह्मचारी हैं, को जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनको शपथ भी दिलाई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार सतपाल ब्रह्मचारी के कवरिंग उम्मीदवार के रूप में गोहाना से विधायक जगबीर मलिक ने अपना नामांकन दाखिल करवाया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से शुरू हो गई है। ये नामांकन 06 मई तक दर्ज करवाए जा सकते हैं।

### ऐसे चल रही प्रक्रिया

बता दें कि सोनीपत लोकसभा सीट के लिये अब तक कुल 5 नामांकन दर्ज किए जा चुके हैं। इसमें से 3 नामांकन पहले ही दिन यानि की सोमवार को आए थे, मंगलवार को 1 नामांकन जमा करवाया गया था और बुधवार को भी 1 ही नामांकन जमा करवाया गया है। अब 3 मई यानि की शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली तो 4 मई को इनेलो प्रत्याशी अनूप दहिया अपना नामांकन दाखिल करवाएंगें।

### छह तक कर सकेंगे नामांकन

- ■ शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली तो 4 मई को इनेलो प्रत्याशी अनूप दहिया नामांकन पत्र दाखिल करेंगे
- ■ 29 से शुरू हुई थी प्रक्रिया, पहले दिन तीन और मंगलवार को एक प्रत्याशी ने पर्चा भरा था
- ■ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पार्टी प्रत्याशी का नामांकन करवाने पहुंचे

### 43.98 लाख की है जायदाद

उत्तराखंड की हरिद्वार सीट से चुनाव लड़ते समय सतपाल ब्रह्मचारी ने अपने एफिडेविट में जानकारी दी थी कि वे पेशे से संत हैं। उनकी वार्षिक आय 2020-2021 में 4,99,020 बताई गई थी। उस समय उनके पास नगद 1 लाख 40 हजार और 86 हजार रुपये बैंकों में थे। कार 4 लाख की, सोने-चांदी के आभूषण 3 लाख 81 हजार 208 के थे। इस तरह से कुल चल संपत्ति कुल 15 लाख 81 हजार 978 की थी, वहीं अचल संपत्ति के तौर पर हरिद्वार और देहरादून में कुल 31 लाख 89 हजार कीमत की इमारतें उनके पास थी।

वहीं बुधवार को दाखिल किए नामांकन के अनुसार 2023 से 2024 में सतपाल ब्रह्मचारी ने अपनी आय 6 लाख 90 हजार 320 घोषित की है। गाड़ी स्कोडा की रैपिड है, जिसकी मौजूदा लाख 3.65 लाख बताई गई है। सोने और चांदी के आभूषणों की कीमत 6 लाख 29 हजार बताई गई है। चल संपत्ति की कुल कीमत 20 लाख 73 हजार 608 बताई गई है। अचल संपत्ति के तौर पर 43 लाख 98 हजार 755 रुपये की जायदाद है।इस मौके पर सतपाल ब्रह्मचारी का नामांकन दाखिल करवाने पहुंचें पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश और संविधान बढ़ाने की लड़ाई है। इस चुनाव के नतीजे हरियाणा में कांग्रेस की अगली सरकार के लिए नींव तैयार करेंगे।



## दुकान में चोरी कर रहे युवक को मौके पर दबोचा

**सोनीपत ।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव रसोई स्थित पकौड़े की दुकान के चोरी की नियत से घुसे युवक को कर्मचारियों ने पकड़ लिया। मौके पर पहुंचे फार्म मालिक ने पुलिस को सूचित किया। आरोपित को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को रिगफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव नांगल कलां हाल टीडीआई किंग्सबरी निवासी सूबे सिंह ने बताया कि रसोई गांव के पास उनकी जमीन है। जिसे उन्होंने किराए पर दे रखा है। जहां बाहर शेड लगाकर पकौड़े की दुकान खोली गई है। साथ में ही उनका फार्म हाउस है। वह सुबह अपने फार्म हाउस पर योग करने के लिए गए तो पकौड़े की दुकान के कर्मचारियों ने बताया कि उनके दरवाजे खुले हुए थे। इसी दौरान एक युवक घुस आया। वह मोबाइल चोरी करके ले जाने लगा तो उन्होंने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। युवक की पहचान रविंद्र के रूप में हुई। उसे पुलिस के हवाले किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी एचसी दीपक ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया है। उसके पास से मोबाइल फोन व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।




- ■ अदालत ने आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा

## पेपर चेकिंग ड्यूटी से गायब मिले शिक्षक

**गोहाना।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा बनाए गए उत्तर पुस्तिका जांच केंद्र में शिक्षकों द्वारा ड्यूटी में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। बुधवार को गोहाना खंड के खंड शिक्षा अधिकारी अनिल श्योराण ने केंद्र पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र से 12 शिक्षक गायब मिले। शिक्षकों को नोटिस जारी करके जवाब मांगा गया।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 10 वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए शहर में एक निजी स्कूल में केंद्र बनाया गया है। इस केंद्र में लगभग 65 शिक्षकों की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

- ■ खंड शिक्षा अधिकारी अनिल श्योराण ने केंद्र पर औचक निरीक्षण किया
- ■ केंद्र में लगभग 65 शिक्षकों की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए ड्यूटी लगाई गई

### सुबह नौ से शाम पांच बजे तक ड्यूटी


शिक्षकों को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक केंद्र पर रहकर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करनी होती है। गोहाना खंड के खंड शिक्षा अधिकारी अनिल श्योराण ने बुधवार दोपहर को केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 12 शिक्षक ड्यूटी से गायब मिले। उन्होंने शिक्षकों को नोटिस जारी के करके जवाब मांगा। इसके साथ में शिक्षकों को हिदायत दी गई कि वे बोर्ड द्वारा प्रतिदिन के हिसाब से निर्धारित उत्तर पुस्तिकाओं की अगर समय से पहले जांच करते हैं तो केंद्र न छोड़ें। उन्होंने कहा कि किसी स्तर पर लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा।

# कब-कैसे बढ़ता है कोलेस्ट्रॉल लेवल

आजकल हृदय रोग के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इसके प्रमुख कारणों में से एक है कोलेस्ट्रॉल का हाई लेवल। क्यों होता है ऐसा और इसे कैसे नियंत्रित किया जा सकता है, जानिए।

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. रवींद्र गुप्ता
एचओडी-इंटरनल मेडिसिन
सी. के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम



अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस लोग यह तो जानते हैं कि शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ना हार्मफुल होता है। लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि यह किस तरह नुकसान पहुंचाता है और इससे कैसे बचा जाए?

## क्या है कोलेस्ट्रॉल

कोलेस्ट्रॉल, फैट का ही एक रूप है, जो पिघले मोम की तरह चिपचिपा होता है। यह इतना ऑयली होता है कि पानी में नहीं घुल पाता। फिर लिपोप्रोटीन कणों के रूप में रक्तप्रवाह के माध्यम से शरीर के सभी अंगों तक पहुंचता है। इसे दो भागों में बांटा जाता है, एलडीएल यानी लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन (बैड) और एचडीएल यानी हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन (गुड) कोलेस्ट्रॉल। गुड कोलेस्ट्रॉल, कई तरह के हॉर्मोंस के स्राव को नियंत्रित करता है। नई कोशिकाओं की दीवारों और विटामिन-डी के निर्माण में मददगार होता है। शरीर के नर्वस सिस्टम के न्यूरांस को बनाने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कुछ खास तरह के विटामिंस की पाचन क्रिया में भी यह यूजफुल होता है।

## कई तरह से नुकसानदायक

जब लोग कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का जिक्र करते हैं, तो उसका मतलब सिर्फ एलडील यानी बैड कोलेस्ट्रॉल से होता है, जो हेल्थ को कई तरह से नुकसान पहुंचा सकता है। जैसे- यह ब्लड वेसेल्स की भीतरी दीवारों में चिपक कर उन्हें संकरा बना देता है,



जिससे रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा होती है, इसी वजह से हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक की आशंका बढ़ जाती है।

बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की वजह से आंखों तक सही ढंग से रक्त प्रवाह नहीं हो पाता है, नतीजतन नजर भी कमजोर पड़ सकती है। बैड कोलेस्ट्रॉल की अधिकता से बढ़ती उम्र में अल्जाइमर का खतरा बढ़ जाता है। यह किडनी के लिए बहुत नुकसानदेह होता है, इससे सीने में दर्द यानी एंजाइना पेन की समस्या हो सकती है, जो हृदय रोग के शुरुआती लक्षणों में से एक है। इसकी वजह से कंधे और गर्दन में दर्द हो सकता है। बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की स्थिति में हाथ, पैरों की नसों तक ऑक्सीजनयुक्त रक्त पहुंच नहीं पाता, जिससे शरीर के इन भागों में हमेशा दर्द और अकड़न महसूस होती है। बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने से बॉडी वेट भी बढ़ सकता है।

## क्या है वजह

सैचुरेटेड और ट्रांस फैट वाले फूड्स जैसे रेड मीट, अंडे की जर्दी, तेल, मक्खन और घी का अधिक मात्रा में सेवन इस समस्या के लिए जिम्मेदार माना जाता है। शारीरिक श्रम की कमी भी इसकी बड़ी वजह है। कुछ लोगों में आनुवंशिकता के कारण भी बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की समस्या हो सकती है।

## जांच-बचाव उपचार

लिपिड प्रोफाइल नामक जांच से शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल का पता लगाया जाता है। स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर 130 से कम होना चाहिए, अगर किसी की हार्ट की सर्जरी हुई हो तो उसके शरीर में इसका लेवल 100 से कम होना चाहिए। अगर कोई समस्या न हो तो भी साल में एक बार कोलेस्ट्रॉल लेवल की जांच जरूर करवा लेनी चाहिए। इस समस्या से बचाव के लिए घी, तेल, मक्खन, मैदा, अंडे की जर्दी और बाजार में बिकने वाले जंक फूड्स से दूर रहें। रेग्युलर एक्सरसाइज और वॉकिंग करें। इन प्रयासों के बावजूद अगर शरीर में एलडीएल का स्तर कम न हो, तो दवाओं की मदद से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। *

प्रस्तुतिः विनीता

---

हेल्थ सजेशन / शिखर चंद जैन

हंसना सिर्फ एक शारीरिक क्रिया या किसी बात-घटना की प्रतिक्रिया नहीं होता है। यह एक नेचुरल रेमिडी है, जो बिना कुछ खर्च किए आपको फिजिकली-मेंटली हेल्दी रहने में बहुत इंपॉर्टेंट रोल निभाता है। कई स्टडीज में ऐसे फैक्ट सामने आए हैं कि हेल्दी रहने में अधिक से अधिक हंसना बहुत इफेक्टिव होता है। **वर्ल्ड लाफ्टर-डे (5 मई)** के मौके पर हंसने के हेल्दी बेनिफिट्स के बारे में आप भी जानना चाहेंगे।



# जी भरकर हंसिए-खिलखिलाइए रहेंगे फिजिकली-मेंटली हेल्दी

शादी विवाह हो या होली जैसे त्यौहार, अप्रैल फूल का दिन हो या दोस्तों की महफिल हो, विभिन्न अवसरों पर खूब हंसी-ठहाके और मस्ती मसखरी चलती है। हंसकर हम खुद को तरोताजा महसूस करते हैं। वैज्ञानिक भी कहते हैं कि हंसने-मुस्कुराने और चुहलबाजी के हजार फायदे होते हैं। इसके लिए एक कहावत है कि साबुन जो काम हमारे शरीर की सफाई के लिए करता है, वही हंसी हमारे मन के लिए करती है। हंसने-मुस्कुराने के कई फायदे समय-समय पर बताए जाते रहे हैं। कुछ ताजा अध्ययनों के अनुसार हंसने से फर्टिलिटी की संभावना, बौद्धिक क्षमता और उम्र भी बढ़ती है।

## बढ़ती है आयु



सेहत विज्ञानियों का मानना है कि हंसते-मुस्कुराते रहने से इंसान दीर्घायु होता है। हर 5 मिनट की हंसी हमारे जीवन में 5 दिनों की आयु बढ़ा सकती है। दरअसल, हंसने से तन और मन के स्वास्थ्य को कई तरह के फायदे होते हैं। ठहाके लगाने और खुलकर हंसने से रेस्पिरेटरी मसल्स फैलती हैं, जिनसे इनकी एक्सरसाइज हो जाती है। इससे चेस्ट कैविटी भी फैलती है। फेफड़ों में ज्यादा ऑक्सीजन भरती है और ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड निकलती है। इससे हमारे लंग्स हेल्दी बनते हैं, उनकी कार्यक्षमता भी बढ़ती है। इससे हम लंबे समय तक हेल्दी रह सकते हैं।

## हार्ट को रखे हेल्दी

अमेरिका स्थित कैलिफोर्निया की लोमा लिंडा यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता ली बुर्के और डॉ. स्टेनले टैन ने अपने एक अध्ययन में पाया कि हंसने की प्रक्रिया से हमारे शरीर में कई तरह के रिएक्शन होते हैं। इससे एड्रेनलीन हार्मोन का स्रावण होता है, जिसे अराउजल हार्मोन कहा गया है। यह कई प्रकार के सेंसेज को जगा देता है। इससे हार्ट बीट बढ़ती है। हार्ट पर पॉजिटिव दबाव बढ़ने से यह रक्त की पंपिंग ज्यादा करता है। इससे हार्ट स्ट्रॉन्ग बनता है। इससे स्किन को भी फायदा होता है और चेहरा दमकने लगता है।

## अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज

खुल कर हंसने से फिजिकल फटीग और मेंटल टेंशन से रिलीफ मिलती है और मसल्स रिलैक्स करती हैं। लाफ्टर ब्लड वेसल्स फंक्शन को इंप्रूव करके ब्लड फ्लो बढ़ाती है। इससे हार्ट अटैक और दूसरी कार्डियोवैस्कुलर समस्याओं से सुरक्षा मिलती है। हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि लाफ्टर एक अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज है। इससे हार्ट मसल्स की अच्छी एक्सरसाइज होती है। इससे कैलोरी भी बर्न होती है।

## बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

अच्छे सेंस ऑफ ह्यूमर वाले, हंसोड़ और जिंदादिल इंसान मुसीबतों और दुख की घड़ी में भी खुद को संयत, संतुलित सक्रिय रखने में सक्षम होते हैं। ऐसे लोग मुसीबतों को सिर पर नहीं लादते। ये आमतौर पर खुश और सुकून से जीते हैं। इसकी वजह है कि हंसने से इनकी मेंटल स्ट्रेंथ बढ़ती है, ये अपने इमोशंस पर बेहतर ढंग से कंट्रोल करना जानते हैं। यही वजह है कि स्ट्रेस और टेंशन की कंडीशन में भी ये रिलैक्स रह लेते हैं।

## बढ़ता है सोशल सर्किल

अपनी पुस्तक 'साइकोलॉजी ऑफ हैप्पीनेस' में लेखक और मनोविज्ञानी माइकल फोर्डिस लिखते हैं, 'हंसने वाले लोग एक संतुलित और सफल जीवन जीने में सक्षम होते हैं। इनका सोशल और बिजनेस सर्किल भी बड़ा होता है क्योंकि ये अपने हंसने-मुस्कुराने वाले स्वभाव के कारण बड़ी आसानी से लोगों को इंप्रेस कर लेते हैं और उनसे हमेशा के लिए जुड़ जाते हैं।' यानी हंसने वाले लोगों के सोशल रिलेशन अधिक आसानी से और ज्यादा बनते हैं। इसका फायदा यह होता है कि व्यक्ति कभी भी अकेलेपन, स्ट्रेस या डिप्रेशन का शिकार नहीं होता है। वह अपने मन की बातें दूसरों से शेयर करता और दूसरों की बातें सुनता भी है।

'बीएमसी कंपलीमेंटरी एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन' जर्नल में प्रकाशित एक शोध में बताया गया है कि हंसना एक प्रकार का गुडविल मैसेज है। हंसने का फायदा सिर्फ सेहत तक ही सीमित नहीं



बल्कि इससे आपकी पर्सनल और प्रोफेशनल इमेज पर भी पॉजिटिव असर पड़ता है। हंसने मुस्कुराने वाले लोगों का सामाजिक दायरा बड़ा होता है क्योंकि ये आसानी से सबको अपना मित्र बना लेते हैं। साथ ही इस आदत का फायदा इन्हें प्रोफेशनल फ्रंट पर भी मिलता है। ये अपने जिंदादिल स्वभाव से बॉस, कुलीग्स और क्लाइंट्स सबको खुश रखते हैं, जिससे इनके काम आसानी से बन जाते हैं और तरक्की के रास्ते भी सदा खुले रहते हैं।

कहने का मतलब यही है कि हंसमुख व्यक्ति हर मायने में दूसरों से अधिक हेल्दी और हैप्पी लाइफ जीता है। *

## आसान होती है प्रेगनेंसी



**दक्षिण कोरिया** के शोधकर्ता एच. जे. चुंग ने स्ट्रेस और एंजायटी के दौर से गुजर रही इनफर्टिलिटी की मरीजों पर लाफ्टर थेरेपी का असर जानने के लिए एक अध्ययन किया। उन्होंने आईवीएफ ट्रीटमेंट ले रही 40 महिलाओं में से 20 को लाफ्टर थेरेपी दी तो पाया कि बाकी 20 महिलाओं की तुलना में उनमें स्ट्रेस एंजायटी और डिप्रेशन काफी कम था और उनमें प्रेगनेंसी ज्यादा आसानी से हुई। एक अन्य अध्ययन में ऑक्सफोर्ड कंसेप्शन स्टडी से पता चला कि जिन महिलाओं के रक्त में अल्फा एमीलेज नामक स्ट्रेस इंडिकेटर का लेवल अधिक था, उनमें प्रेगनेंसी की दर काफी कम थी। जबकि हंसने-मुस्कुराने और हंसी-मजाक का आनंद लेने वाली महिलाओं में फर्टिलिटी के इलाज से प्रेगनेंसी के चांस बढ़ गए।

---

केयर

संध्या रानी

अब गर्मी धीरे-धीरे बढ़ रही है। कुछ जगहों पर तो दिन के समय काफी गर्म हवाएं चलने लगी हैं। ऐसे में लापरवाही बरतने से आप हीट स्ट्रोक के शिकार हो सकते हैं। इससे बचाव और उपचार के बारे में जानिए।

# हीट स्ट्रोक से ऐसे बचें



हीट स्ट्रोक या लू लगना एक गंभीर शारीरिक स्थिति है, जिसमें शरीर तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता खो देता है। इसके कारण शरीर का तापमान बढ़कर 104 डिग्री से भी अधिक पहुंच जाता है। शरीर के तापमान की यह स्थिति मस्तिष्क समेत शरीर के अन्य अंगों के लिए खतरनाक हो सकती है। कभी-कभी यह जानलेवा भी साबित हो जाती है।

**प्रमुख लक्षण:** इस स्थिति में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। शरीर से अत्यधिक पसीना निकल जाने से सोडियम की कमी हो जाती है। यदि समय रहते यह कमी पूरी न की जाए तो हाथ-पैर और पेट में दर्द, तेज पसीना, कमजोरी, प्यास, सिर दर्द, मितली, चक्कर आदि जैसे लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं। इसके अलावा सांस लेने में कठिनाई, घबराहट, चिड़चिड़ापन, त्वचा में खुश्की और लालिमा भी दिख सकती है।

**नेचुरल थेरेपी:** लू लगने पर रोगी को ऐसे स्थान पर लिटाना चाहिए जहां का वातावरण ठंडा हो। लेकिन वहां हवा के झोंके न आ रहे हों, इसका भी ध्यान रखना चाहिए। रोगी को ठंडे जल से तर कर पंखा चला देना चाहिए और थोड़ी-थोड़ी देर के बाद उसे ठंडे जल में भीगे तौलिए से भिगोते रहना चाहिए। बर्फ के जल में कपड़ा भिगोकर उसकी पट्टी रोगी के सिर, पेट और शरीर पर बदल-बदल कर लगाते रहना चाहिए। अधिक लू लगने पर कटि स्नान या पेड़ू पर गीली मिट्टी की पट्टी बार-बार लगाना भी उपयोगी सिद्ध होता है।

**पेड़ू पर मिट्टी पट्टी:** इसके लिए साफ बलुई मिट्टी जिसमें आधी मिट्टी और आधा बालू हो, का उपयोग करना चाहिए। अगर यह उपलब्ध न हो तो किसी साफ जगह पर जमीन से एक फिट नीचे की मिट्टी लेकर साफ करने के बाद उसमें पानी मिलाकर लुगदी जैसा बना लें।

अब इस मिट्टी को पेड़ू के आकार से थोड़ा बड़ा महीन कपड़े पर फैलाकर लगभग आधा इंच मोटाई की पट्टी बना लें। इस पट्टी का मिट्टी की तरफ वाला भाग पेड़ू पर रखकर किसी ऊनी कपड़े से ढंक दें। हर आधे घंटे पर इस पट्टी को बदलते रहना चाहिए। एक बार उपयोग की गई मिट्टी का प्रयोग दोबारा नहीं करना चाहिए।

**कटि स्नान:** कटि स्नान के लिए किसी ऐसे टब की जरूरत होती है, जिसमें आराम कुर्सी की तरह आधा लेटा जा सके। टब में लगभग 12 से 14 इंच गहराई तक ठंडा पानी भरें, जिससे कि टब में बैठने पर पानी नाभि तक और नीचे आधी जंघाओं तक आ जाए। टब में अधलेटी अवस्था में बैठ जाएं और अपने दोनों पैर को टब के बाहर चौकी पर रख लें। यह ध्यान रहे कि पानी से पैर भीगने न पाएं।

**तरल पदार्थ लें:** लू लगने पर भोजन की जगह मट्ठा, दही की लस्सी, कच्चे आम का पना, सत्तू का शरबत और नीबू पानी थोड़ा-थोड़ा करके पीना चाहिए। एक गिलास पानी में दो चम्मच धनिया को आधे घंटे के लिए भिगो दें। फिर इसे मसलकर छान लें और इस पानी में थोड़ी चीनी मिलाकर पीते रहें। इसके अलावा बेल के शरबत का सेवन जरूर करना चाहिए। यह गर्मी को दूर करता है और यह हमारे पाचन को भी स्वस्थ रखता है।

**बचाव के उपाय:** गर्मी के मौसम में ऐसा आहार लेना चाहिए, जो शरीर में पानी की आपूर्ति करता रहे। इस मौसम में तले-भुने गरिष्ठ भोजन से परहेज करना चाहिए। मौसम के अनुसार ही फल, सब्जी खाने चाहिए। फलों में खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूज को अपने भोजन में शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही गर्मी से बचने के लिए हल्के रंग के सूती कपड़ों का ही इस्तेमाल करें। जब मौसम अधिक गर्म हो तो बाहर न निकलें। अगर बाहर जाएं तो अपने साथ पानी की बोतल रखना ना भूलें और हमेशा पानी पीकर ही बाहर जाएं। इसके अलावा हमेशा अपने सिर को ढंक कर ही बाहर निकलें। धूप में शारीरिक श्रम वाला कोई काम नहीं करना चाहिए। बच्चे, बुजुर्ग, गुर्दों के रोगी और मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति लू की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। इसलिए इन्हें अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। *

**(नेचुरोपैथ मेडिकल ऑफिसर डॉ. कैलाश द्विवेदी से बातचीत पर आधारित)**

---

अगर आपको बॉस के साथ या किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के साथ बात करने में घबराहट होती है, आप सवाल का जवाब नहीं दे पाते, लड़खड़ा जाते हैं तो इसका मतलब आप एंजाइटी से परेशान हैं। इससे मुक्ति पाने के लिए आप कुछ योगासनों का अभ्यास कर सकते हैं।

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'


# मीटिंग एंजाइटी से मुक्ति दिलाएं ये योगासन

कई लोग बॉस या मैनेजमेंट के साथ मीटिंग या फिर इंटरव्यू के नाम से ही घबरा जाते हैं। उन्हें बेचैनी होने लगती है। सिर्फ बॉस के साथ ही नहीं, कुछ लोग तो सामान्य बातचीत में जिन सवालों के जवाब बहुत सटीक ढंग से देते हैं, अकसर इंटरव्यू में पूछे गए वैसे ही सवालों के जवाब नहीं दे पाते। जुबान अटकने लगती है, विचार अचकचा जाते हैं। दरअसल, यह एंजाइटी प्रॉब्लम है।

**ये हैं कारगर उपाय:** ऐसी समस्या से तत्काल राहत के लिए तेज-तेज सांसें लेने की एक्सरसाइज बहुत काम की साबित हो सकती है। यह तुरंत फायदा देती है।

**फास्ट ब्रीदिंग:** जब भी किसी जरूरी मीटिंग में जाने से पहले या मीटिंग के समय बेचैनी और घबराहट हो रही हो, तो इससे पार पाने के लिए तेज गति से सांसें लेना शुरू कर दें। इससे तुरंत राहत मिलती है। आप चाहे जितने टेंशन में हों, फौरी तौर पर अगर तुरंत टेंशन खत्म नहीं होता तो कम जरूर हो जाता है। इसे करते ही आपके अंदर की नर्वसनेस खत्म होने लगती है। तेज सांस लेने का यह एक ऐसा उपाय है, जिसे आप कहीं भी आजमा सकते हैं।

**ऐसे लें तेज सांसें:** पहले सीधे खड़े हो जाएं, फिर काफी ज्यादा सांस खींचकर अंदर लें और अपनी बांहों को आसमान की तरफ ऊपर उठा लें। उठी हुई खुली बांहों की अंगुलियों को फैला लें। अब मुंह को थोड़ा नीचे झुकाएं और जीभ बाहर निकालें और अच्छे से सांस लें। याद रखें, यह किसी मीटिंग में जाने के पहले और मीटिंग स्थल से बाहर करना है। हालांकि पूरी तरह से तो इससे आपकी नर्वसनेस खत्म नहीं होगी, लेकिन बहुत कुछ असर पड़ेगा। अगर दो तीन बार यह प्रक्रिया दोहराएंगे तो और ज्यादा फर्क पड़ेगा और घबराहट करीब-करीब खत्म हो जाएगी।



त्रिकोणासन

**ऐसे मिलेगी परमानेंट राहत:** अगर एंजाइटी से परमानेंट राहत चाहिए तो नियमित रूप से सुखासन, वीरासन, बालासन, त्रिकोणासन, चक्रासन या उष्ट्रासन में से कोई दो आसन नियमित रूप से करें। एंजाइटी को लगभग पूरी तरह से खत्म करने में वीरासन, बालासन और त्रिकोणासन बहुत महत्वपूर्ण आसन हैं। जब नियमित रूप से ये आसन किए जाते हैं तो हमारा मन काफी शांत, उत्तेजनाविहीन और प्रतिक्रिया के लिए गैर उतावला हो जाता है। हर तरह की घबराहट और नर्वसनेस दूर हो जाती है। इन योगासनों का नियमित अभ्यास आपको मन से दृढ़ता प्रदान करेगा। आपके भीतर आत्मविश्वास बढ़ेगा। *

---

घरेलू औषधि/ संध्या सिंह

# गर्मियों की महौषधि पुदीना

गर्मी का मौसम हमारे लिए कई तरह की समस्याएं लेकर आता है। ज्यादा गर्मी में कुछ लोगों को हीट क्रैंप पड़ने लगते हैं, जबरदस्त थकावट महसूस होती है, लू लग सकती है, शरीर में पानी की कमी हो जाती है, अकसर फूड पॉयजनिंग हो जाती है, घमौरियां निकल आती हैं, चिकनपॉक्स, डायरिया, पेचिश और हैजा जैसी समस्याएं भी इस मौसम में खूब सताती हैं। वैसे तो हर समस्या का निदान भी अलग तरीके से होता है। लेकिन पुदीना एक ऐसी कारगर हर्ब है, जो गर्मियों में होने वाली हेल्थ संबंधी ज्यादातर परेशानियों से राहत दिलाती है।

**इन समस्याओं को करे दूर:** लू लग जाने पर, फूड पॉयजनिंग होने की स्थिति में, त्वचा रूखी होने पर, गर्मियों में शरीर में पानी की कमी होने की स्थिति में, जी मिचलाने जैसी तमाम समस्याओं में पुदीना हमें तात्कालिक राहत देता है। इसीलिए पुदीना को 'गर्मियों की महौषधि' कहते हैं। इसलिए हर्बल एक्सपर्ट गर्मी के मौसम में हर किसी को पुदीना खाने की सलाह देते हैं।



**ऐसे कर सकते हैं सेवन:** अगर आप गर्मियों में हर दिन सुबह या शाम एक गिलास पुदीने का पानी या पुदीने का शरबत पी लें (अगर डायबिटीज नहीं है) तो ज्यादातर मौसमी परेशानियां खत्म हो जाती हैं। अगर गर्मियों में पुदीने की पत्तियों को पीसकर 20 से 25 मिनट तक चेहरे पर इसका लेप लगा लें तो पूरे दिन ही नहीं बल्कि कई दिनों तक चेहरा तरोताजा बना रहता है वरना इस मौसम में त्वचा बिल्कुल ढीली मुरझाई हो जाती है। गर्मियों में थकान महसूस होने पर पुदीने का पानी पीते ही तुरंत थकान दूर होती है। गर्मियों में होने वाली अपच की समस्या में पुदीना बहुत राहत देता है, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, इसलिए यह हमारे पाचन को मिनटों में दुरुस्त कर देता है। अगर बलगम श्वांसनली में फंसा हुआ है तो पुदीना इसे निकालने में मदद करता है। पुदीने में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी माइक्रोबियल गुण भी होते हैं, इसलिए गर्मियों में पुदीना का नियमित सेवन करने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। अगर किसी व्यक्ति को धूप की वजह से चक्कर आए और वह बेहोश हो जाए, तो उसे पुदीने का रस सुंघाना चाहिए। इससे बेहोशीपन दूर होता है। पुदीना बेहद फायदेमंद होता है लेकिन सेवन से पहले विशेषज्ञ से सलाह अवश्य कर लें। *

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि



अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल सहित युवक की गिरफ्तार

**खरखौदा।** सूचना के आधार पर पुलिस ने एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक खरखौदा के सांपला बाईपास खड़ा है,जिसके पास अवैध पिस्तौल है।पुलिस मौके पर पहुंची तो, वहां एक युवक खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने रोहना निवासी साहिल के रूप में अपना परिचय दिया। शक के तौर पर उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस ने युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री की जनसभा की तैयारी को बैठक

**खरखौदा।** आगामी 4 मई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की खरखौदा आ रहे हैं। उनकी रैली की तैयारियों को लेकर भाजपा के खरखौदा स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। रैली को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रमुख कार्यकताअरं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी प्रदीप सांगवान, जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, मायाराम कौशिक, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, राजबीर दहिया, ब्लॉक समिति चेयरमैन सतेंद्र दहिया, जयकरण सैदपुर सहित अन्य अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**खरखौदा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया था। इस बार सरकारी विद्यालयों का भी परीक्षा प्रशंसनीय रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री ने बताया कि शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा की सभी छात्राएं पास हुई हैं। उन्होंने बताया कि छात्रा रितु ने 91.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान पाया है। रितु ने पॉलिटिकल साइंस में 99 अंक प्राप्त किए हैं। 7. तीन लावारिस अस्थियों का विसर्जन व तुलसी प्रवाहित

### तीन लावारिस अस्थियों का किया विसर्जन

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा जिला सोनीपत के शमशानों में रखी हुई अस्थियां जिनमें से गन्नौर से 1 लावारिस अस्थि व सोनीपत से 2 अस्थि लेकर अस्थि विसर्जन कार्यक्रम के तहत आज जिले के अलग अलग शमशानों से तीन लावारिस लोगों की अस्थि इकट्ठा कर विधि विधान से पूजा करवा कर हरिद्वार गंगा जी में विसर्जित किया गया।

### पिपली गांव के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत शुरू

**खरखौदा।** शहर से केएमपी व आईएमटी तक जाने में दिल्ली - औचंदी मार्ग पर पिपली गांव में मार्ग की हालत खस्ता है। जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह अलग बात है कि उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने इसका संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मार्ग को सुगम बनाने के आदेश दिए थे। लेकिन अभी तक मार्ग दुरुस्त नहीं किया गया है। इस बारे में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अनिल चहल से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि दो तीन दिन में ही पिपली गांव से खस्ताहाल मार्ग को दुरुस्त कर दिया जाएगा।

---

## मजदूर वर्ग ही किसी देश की उन्नति का आधार : विकास मलिक

# विश्व श्रम दिवस पर चतुर्थ श्रेणी कर्मियों का सम्मान

**जिलेभर में जगह-जगह अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिकों को माला पहनाकर किया गया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

ए.पी.गर्ग पब्लिक स्कूल में बुधवार को विश्व श्रम दिवस मनाया गया। एक मई 1889 अमेरिका के सभी कारखानों के श्रमिक संगठित होकर अपनी मांगों के समर्थन में सड़कों पर उतर आए थे। उनकी प्रमुख मांग थी कि उनके काम का समय घटाया जाए, क्योंकि तब मजदूरों से 15 से 20 घंटे तक काम लिया जाता था। पहली बार मजदूरों ने इस समय अवधि को घटाने के लिए आवाज उठाई थी। इस संगठित शक्ति के सामने सरकार को झुकना पड़ा और काम के घंटों को न केवल घटाया गया, बल्कि सरकार ने इसे 8 घंटे तक कार्य करने का निर्णय लिया। यही कारण है कि 1 मई को श्रमिक दिवस मनाने का फैसला लिया गया। श्रमिक किसी भी कारखाने की रीढ़ की हड्डी के सामान है और मजदूर किसी भी देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। किसी क्षेत्र विशेष की उन्नति में श्रमिको का अमूल्य योगदान रहता है।



खरखौदा। लघु नाटिका प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इसलिए इस दिन उनके योगदान को याद किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर संगठन द्वारा भी इस सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। कई देशों में मजदूरों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की जाती है। भारत में मजदूर दिवस की शुरूआत 1923 में मजदूर किसान पार्टी ऑफ इंडिया के द्वारा मद्रास में की गई । तब से हर वर्ष यह दिवस नियमित रूप से मनाया जाता है। विद्यालय में भी श्रमिक दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने एक लघु नाटिका पेश की जिसमें मजदूरों पर हो रहे अत्याचार को उनके संगठित न होने का कारण दिखाया गया। इस पर कुछ विधार्थियों ने भाषण के माध्यम से श्रमिकों की उपयोगिता का वर्णन किया। इस अवसर पर विद्यालय निर्देशक मोहनलाल गुप्ता ने स्कूल के चतुर्थ श्रेणी के स्टाफ को उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा स्कूल में उनके योगदान की सराहना की।

### लेबर-डे पर विद्यार्थियों ने वितरित की खाद्य सामग्री

**सोनीपत।** श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल में लेबर डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक कर्मचारियों के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पहेली प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, फन गेम्स, खो-खो आदि इसका प्रमुख बिंदु रही। कई कर्मचारियों ने गीत भी सुनाए व सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के पश्चात अनेक उपहारों के साथ -साथ विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा अपने घरों से लाई गई खाद्य सामग्री कर्मचारियों में वितरित की। इस दौरान सभी काफी प्रसन्नता दिखे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमेन राकेश कुच्छल ने बताया कि विद्यालय इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में कई प्रकार के गुण विकसित होते हैं।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### डीबीएम पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस मनाया

**गोहाना।** गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग पर स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल में बुधवार को श्रमिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को श्रम दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल के एमडी विकास मलिक ने कहा कि श्रमिक वर्ग ही किसी देश की उन्नति का आधार होता है। श्रमिक जब काम करता है तभी देश उन्नति करता है। श्रमिक द्वारा किया गया परिश्रम हम सब के जीवन आधार भी है। इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। श्रमिकों का हमेशा सम्मान करें उनका आदर करें। स्कूल की प्राचार्या पूजा राणा ने बताया कि 1 मई 1923 को श्रम दिवस की शुरूआत की गई थी। यह दिन हमें एक श्रमिक द्वारा की जाने वाली मेहनत व उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में सुधीत, शिवम, रितिका, यश, लक्ष्य, मेघना, अंतिम, वंश, स्नेह आदि रहे।



गोहाना। श्रम दिवस का महत्व समझाते हुए गुरु और शिष्य। फोटो : हरिभूमि

## देश के विकास में मजदूरों का अहम योगदानः सुधीर जैन

- ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस सौहार्दपूर्ण भाव से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस सौहार्दपूर्ण भाव से मनाया गया। स्कूल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। सुधीर जैन ने कहा कि देश के विकास में मजदूरों का बड़ा योगदान है। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिवस है। इस अवसर उन्होंने स्कूल में कार्यरत ड्राइवरों सहित सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ड्रेस भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। सुधीर जैन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस हर साल एक मई को मनाया जाता है। यह दिन श्रमिकों के योगदान को पहचानने और उनके अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने स्कूल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों, गार्डों, ड्राइवर समूह, सफाई कर्मियों, चपरासी और माली का धन्यवाद किया। इस मौके पर ट्रांसपोर्ट इंचार्ज संदीप हुड्डा, अध्यापिका संगीता, नमिता, नीरजा, ज्योति शर्मा , बीना, कुसुम, रितु सिंह ,भावना सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



सोनीपत। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर ड्राइवर को ड्रेस भेंट कर सम्मानित करते चेयरमैन साथ में प्राचार्या व ट्रांसपोर्ट इंचार्ज। फोटो : हरिभूमि

---


# 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित

- जवाहरलाल नेहरु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

बुधवार को शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहरलाल नेहरु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थी सम्मानित हुए। समारोह में स्कूल की प्रबंधक कृष्णा शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविश्य की कामना की।

मेधावी सम्मान समारोह के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी सुनील शर्मा का रहा और अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। एमडी सुनील शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वे बोले कि जीवन में सफल बनने के लिए लक्ष्य को हमेशा ऊंचा रखें और उसे प्राप्त करने के लिए मेहनत करें। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। इसे प्राप्त करने के लिए मेहनत और लग्न की जरूरत होती है। समारोह में सह निर्देशक राजकुमार जांगड़ा, उप प्राचार्य सूरत शर्मा, गणित प्राध्यापक यशपाल शर्मा और योग गुरु विजय चौहान को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर अभिभावकों में रामचंद्र, दिनेश मालिक, संजय कुमार, नीरू गुप्ता, रितेश प्रजापत, मीना जांगड़ा, मंजू खरब, रमेश, दिनेश, सियाराम, गीता और अनु आदि मौजूद रहे।



जीओएच 2 में-मेधावी विद्यार्थी अपने गुरु जनों के साथ। फोटो : हरिभूमि

# किसान अपने खेत में ढैंचा बोएं : विवेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

एसडीएम विवेक आर्य ने कहा कि किसान अपने खेत की जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए ढैंचे की बिजाई करें और उसका हरी खाद के रूप में इस्तेमाल करें। सरकार द्वारा किसानों को 80 प्रतिशत अनुदान पर ढैंचे का बीज उपलब्ध करवाया जा रहा है। किसान सरकार की इस योजना का लाभ उठाएं और जमीन की उर्वरा शक्ति में वृद्धि करके अच्छी पैदावार लें। विवेक आर्य ने कहा कि ढैंचे की फसल का हरी खाद के रूप में इस्तेमाल करने से मृदा में सूक्ष्म जीवों की संख्या एवं क्रियाशीलता बढ़ती है। हरी खाद से मृदा की उर्वरा शक्ति के साथ उत्पादन क्षमता भी बढ़ती है। ढैंचे की फसल का हरी खाद के रूप में उपयोग करने से मृदा की संरचना में सुधार के साथ-साथ अगली फसल को पर्याप्त मात्रा में नाइट्रोजन एवं अन्य पोषक तत्व मिलते हैं जिससे पैदावार अच्छी होती है।



एसडीएम विवेक आर्य।

- सरकार द्वारा किसानों को 80 प्रतिशत अनुदान पर दिया जा रहा है ढैंचे का बीज

### किसान घर बैठे करवा सकते हैं पंजीकरण

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा के अनुसार ढैंचे का बीज लेने के लिए किसान अपने घर बैठे विभाग की बैवसाइट पर फार्मर कॉर्नर पर 20 मई तक ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। जिन किसानों ने 15 मार्च से 15 अप्रैल तक पंजीकरण करवाया था वे पंजीकरण का प्रिंट और आधार कार्ड की कॉपी साथ ले जाकर जींद रोड पर हरियाणा बीज निगम की दुकान से बीज ले सकते हैं।

---

# स्थापना दिवस पर हवन, पौधारोपण और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मजदूर दिवस के मौके पर गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। पंचकुंडीय हवन करते हुए मुख्यातिथियों ने पौधारोपण भी किया। हवन में विद्यार्थियों ने भी आहुतियां दी।

गेटवे शिक्षा समूह के जनरल डायरेक्टर अमरीक कुमार गर्ग, गेटवे स्कूल के प्राचार्य प्रेम कुमार ओझा, गेटवे स्कूल की उपप्राचार्या रिम्पी वर्मा ने विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिका वृंद और अभिभावक गण की उपस्थिति में सयुंक्तरूप से एकम सभागार में दीप प्रज्जवलन किया। इस दौरान गेटवे स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने एकम सभागार में रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। गेटवे शिक्षा समूह के संरक्षक-संस्थापक हरिप्रकाश मंगला और सह-संस्थापक और निदेशक राकेश अग्रवाल ने अपने संयुक्त उद्बोधन में कहा कि वर्ष 2006 में 30 अप्रेल के दिन गेटवे शिक्षा समूह और स्कूल की स्थापना हुई थी।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान हवन में हिस्सा लेते विद्यार्थीगण। फोटो : हरिभूमि

## बारहवीं में टॉप करने वाले मेधावियों का पुरस्कार देकर किया सम्मान



परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों का हुआ स्वागत। फोटो : हरिभूमि

### 97.2 प्रतिशत अंक लेकर दीपिका रही स्कूल में अव्वल

**खरखौदा।** बिधलान गांव स्थित एम. आर स्कूल की छात्रा दीपिका पुत्री अशोक कुमार ने 12वीं कक्षा में 97.2 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गांव के एमआर स्कूल में टॉपर छात्रा दीपिका का स्वागत किया गया। दीपांशी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। कोमल और मुस्कान ने संयुक्त रूप से 90% अंक ले कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अच्छे परीक्षा के परिणाम के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति ने अध्यापकों के कुशल नेतृत्व और छात्रों की कड़ी मेहनत के लिए सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक कृष्ण कुमार, प्राचार्य कर्मवीर दहिया, नीलम तोमर, पवन कुमार, मधु रानी, निशा, कुसुम आदि स्टाफ सदस्यों ने ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया।



सोनीपत। कोमल, दीपक और भावना। फोटो : हरिभूमि

### 483 अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम रही कोमल

**सोनीपत।** रामजस स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कुल 201 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। 201 विद्यार्थियों में से 101 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। विद्यार्थियों ने सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और स्कूल प्रबंधन को दिया। स्कूल में कोमल ने 483 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दीपक ने द्वितीय और भावना ने तृतीय स्थान बनाया। प्रबंधक रोशनी देवी, प्राचार्य ललित कौशिक ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर स्टाफ भी मौजूद रहा।

### 471 अंकों के साथ तनीषा रही प्रथम



**सोनीपत।** गुहणा फरमाणा स्थित एसएलएम स्पोर्ट्स स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय में तनीषा 471 अंकों के साथ प्रथम, रितिका 439 अंक द्वितीय और मोनिका 436 अंक तृतीय रही। विद्यालय के निदेशक सूबे सिंह गहलावत ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

## प्रतिभाशाली छात्राओं ने पूर्व सीएम से शिक्षा की बेहतरी व साक्षरता दर को लेकर पूछे प्रश्न

# छात्रा दीपिका, तान्या व संजनी ने पूर्व सीएम का लिया साक्षात्कार

- पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 28 अप्रैल को विद्यालय पधारने पर पूछे गए प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों को अपनी साक्षात्कार प्रतिभा को निखारने का एक बार फिर से मौका मिला, जब हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर विद्यालय में पधारे।

दसवीं कक्षा की छात्राओं दीपिका, तान्या व संजनी ने मौके का लाभ उठाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री का साक्षात्कार लिया। जिसमें छात्राओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य व जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर प्रश्न पूछे। जिनका पूर्व मुख्यमंत्री ने सहजता से जवाब दिया और छात्राओं के ज्ञान कौशल और स्कूल में विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि प्रतिभाशाली छात्रा दीपिका ने शिक्षा की बेहतरी व साक्षरता दर को बढ़ाने के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में प्रश्न पूछे। वहीं तान्या ने पूछा कि युवाओं को सरकार में शामिल होने के लिए सरकार कैसे प्रोत्साहित करेगी ? वहीं संजनी ने प्रश्न किया कि परिवहन सुरक्षा योजना को लेकर सरकार का क्या दृष्टिकोण है ? प्रतिभाशाली छात्राओं के प्रश्न सुन मनोहर मुस्कान के साथ पूर्व मुख्यमंत्री ने सहजता से बताया कि परिवार पहचान पत्र में प्रत्येक सदस्य की आय व शिक्षा का ब्यौरा होता है। परिवार के वह बच्चे जिनकी उम्र 5 साल से ऊपर है और उनका किसी भी विद्यालय में दाखिला नहीं हुआ है, ऐसे बच्चों का सर्वे किया जाता है और उनकी शिक्षा की व्यवस्था की जाती है। मनोहर लाल ने बेटियों को संतोषजनक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। इससे पहले स्कूल पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने फूलों के बुके भेंट कर स्वागत किया।



सोनीपत। साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से प्रश्न पूछती छात्राएं साथ हैं चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा।

### श्रम दिवस पर श्रमिकों को किया सम्मानित

**गोहाना।** गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित ईश्वर इंटनेशनल स्कूल में बुधवार को विश्व श्रमिक दिवस मनाया गया। समारोह में विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए उनके लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से हमारे जीवन में श्रमिकों के योगदान पर प्रकाश डाला।

समारोह का नेतृत्व स्कूल के एमडी अनिल मलिक का रहा। उन्होंने कहा कि हम सब के जीवन में श्रमिक के श्रम का अतुलनीय योगदान है। जब श्रमिक मेहनत करता है और उसके शरीर से पसीना बहता है तभी हमें खाने को रोटी मिलती है। श्रमिक देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार होता है। हमें श्रमिकों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। एमडी ने समारोह में श्रमिकों को उपहार देकर सम्मानित किया।

### कन्या गुरुकुल विद्यालय का परिणाम शत-पतिशत

**गोहाना।** बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुलपति प्रो. सुदेश ने सभी छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की।

कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल सुमिता सिंह ने बताया कि इस वर्ष 199 छात्राओं ने 12वीं कक्षा की परीक्षा दी, जिसमें 9 छात्राओं को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए तथा 65 छात्राओं को 80 प्रतिशत से अधिक अंक मिले।

**NOTICE**

I, Anoop Kumar S/o Sh. Sardari Lal R/o H.No. 40A, Sujan Singh Park, Sonipat-131001, Haryana declare that I have changed my name from Anoop Kumar to Anoop Mehta. I may be known as Anoop Mehta in future for all purposes.

